तापमान


| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 37.4° | 26.0° |
| इंदौर | 34.6° | 23.2° |
| जबलपुर | 37.5° | 24.2° |
| ग्वालियर | 40.6° | 27.8° |

# दैनिक नईदुनिया


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 78
(भोपाल : वर्ष 40 अंक 185, पृष्ठ 12)
मंगलवार 3 जून 2025
राजधानी संस्करण
कीमत: 3:00 रुपये


राजधानी... जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास ...


खेल... पंजाब किंग्स और बेंगलुरु में आईपीएल का फाइनल ..


व्यापार... भारत-ओमान व्यापार समझौते पर जल्द ही अच्छी ...


देश-विदेश... अमेरिका के कोलोराडो प्रांत में आतंकी ...

www.naiduniaonline.com

# पराग्वे लैटिन अमेरिका महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक : मोदी

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पराग्वे को लैटिन अमेरिकी महाद्वीप में भारत के महत्वपूर्ण साझीदारों में से एक बताते हुए आतंकवाद सहित सभी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में एक दूसरे से सीखने की जरूरत रेखांकित की।**



श्री मोदी ने यहां हैदराबाद हाउस में पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पलासियोस के साथ द्विपक्षीय बैठक के दौरान कहा कि आपकी भारत यात्रा ऐतिहासिक है। पराग्वे के राष्ट्रपति की यह दूसरी भारत यात्रा है। आप न केवल दिल्ली बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से आपसी संबंधों के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मेरा मानना है कि आपसी सहयोग के माध्यम से हम साझा समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। उन्होंने कहा कि पराग्वे दक्षिण अमेरिका में हमारे महत्वपूर्ण साझीदारों में से है। हमारा भूगोल भले ही अलग हो, लेकिन हमारे लोकतांत्रिक आदर्श और जनकल्याण की एक ही सोच है।

श्री मोदी ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और पराग्वे कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर अपराध, संगठित अपराध और नशीली दवाओं की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पराग्वे ग्लोबल साउथ का एक अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएँ, आकांक्षाएँ और चुनौतियां समान हैं, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखकर इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन, पैराग्वे के लोगों के साथ साझा कर सके। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। श्री मोदी ने कहा कि मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा आपसी विश्वास, व्यापार और घनिष्ठ सहयोग के स्तंभों को नई ताकत प्रदान करेगी। यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों में नए आयाम भी जोड़ेगा। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया, जहाँ हमने कई विषयों पर बढ़ते सहयोग पर चर्चा की। हम इन सभी क्षेत्रों में पराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर पराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर हैं, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों की व्यापक समीक्षा करना और समग्र सहयोग का विस्तार करना है। सोमवार को उन्होंने नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इससे ( शेष पेज 2 पर )

## भारत अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा घरेलू विमानन बाज़ार

*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आईएटीए के सालाना आम बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय विमानन क्षेत्र वैश्विक हवाई परिवहन उद्योग में एक प्रमुख इकाई है। उन्होंने कहा कि विमानन क्षेत्र के लिए भारत के पास एक बाजार, प्रौद्योगिकी एवं नवोन्मेष के लिए प्रतिभा और मुक्त एवं सहयोगी नीति मौजूद है। पीएम ने दावा किया कि भारत दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा घरेलू नागर विमानन बाजार है। भारत विश्वस्तरीय हवाई अड्डों में निवेश कर रहा है, हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 162 हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए सरकार सभी कदम उठा रही। विमानों की मरम्मत एवं रखरखाव (एमआरओ) एक उभरता हुआ क्षेत्र, भारत को 2030 तक एमआरओ का एक वैश्विक केंद्र बनाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे मोड़ पर खड़े हैं, जहाँ हमारी यात्रा योजना सिर्फ़ धरती के शहरों तक ही सीमित नहीं है। आज इंसान अंतरिक्ष उड़ानों और अंतरग्रहीय यात्राओं का व्यवसायीकरण करने और उन्हें नागरिक उड्डयन के लिए खोलने का सपना देख रहा* ( शेष पेज 2 पर )

# सुकमा में 16 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण केरलापेंदा गांव हुआ माओवाद मुक्त



सुकमा(एजेंसी)।

**छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सोमवार को कुल 25 लाख रुपए के इनामी 16 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से नौ नक्सली चिंतलनार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं।**

इस आत्मसमर्पण के साथ ही यह गांव नक्सलवाद से मुक्त हो गया है। राज्य सरकार की नई योजना के अनुसार नक्सल मुक्त ग्राम पंचायत को विकास परियोजनाओं के लिए एक करोड़ रुपया प्रदान किया जाएगा। सुकमा जिले के पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि एक महिला समेत सभी 16 नक्सलियों ने माओवादियों की अमानवीय विचारधारा और स्थानीय आदिवासियों पर नक्सलियों के अत्याचारों से तंग आकर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। चव्हाण ने बताया कि नक्सली राज्य सरकार की नियद नेल्लनार (आपका अच्छा गांव) योजना से भी प्रभावित हैं। इस योजना का उद्देश्य दूरदराज के गांवों में विकास कार्यों को सुविधाजनक बनाना है। अधिकारी ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादियों की केंद्रीय क्षेत्रीय समिति (सीआरसी) कंपनी नंबर दो की सदस्य रीता उर्फ डोडी सुक्की (36) और माओवादियों की पीएलजीए बटालियन नंबर एक के एक पार्टी सदस्य राहुल पुनेम (18) के सर पर आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था। उन्होंने बताया कि इसके अलावा लेकम लखमा (28) पर तीन लाख रुपये तथा तीन अन्य नक्सलियों के सर पर दो—दो लाख रुपए इनाम था।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में से नौ केरलापेंदा ग्राम पंचायत के हैं। उनके आत्मसमर्पण के बाद, यह ग्राम पंचायत नक्सल मुक्त हो गयी है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की एलवद पंचायत योजना के अनुसार, गांव को विकास कार्यों के लिए एक करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ की नई नक्सल आत्मसमर्पण/पीड़ित सहायता एवं पुनर्वास नीति-2025 के तहत राज्य सरकार ने 'एलवद पंचायत योजना' शुरू की है, जिसमें उन ग्राम पंचायतों के लिए एक करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत करने का प्रावधान है, जो अपने क्षेत्र में सक्रिय नक्सलियों को आत्मसमर्पण कराने में मदद करेंगे तथा खुद को माओवाद मुक्त घोषित करने का प्रस्ताव पारित करेंगे। राज्य सरकार द्वारा हाल ही में प्रोत्साहन योजना शुरू किए जाने के बाद जिले में यह दूसरी ऐसी ग्राम पंचायत है।

## खास-खबरें

### मोदी-शाह ने तेलंगाना स्थापना दिवस पर दी राज्य के लोगों को बधाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को तेलंगाना के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई दी। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तेलंगाना के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर बधाई। तेलंगाना को राष्ट्र की प्रगति में असंख्य योगदान देने के लिए जाना जाता है। राजग सरकार ने पिछले एक दशक के दौरान राज्य के लोगों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। राज्य के लोगों की सफलता और समृद्धि की कामना करता हूं। गृह मंत्री अमित शाह ने तेलंगाना के लोगों को बधाई देते हुए राज्य के लिए समृद्धि की नई ऊंचाई छूने की कामना करते हुए एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा कि तेलंगाना राज्य दिवस पर, राज्य के हमारे भाइयों और बहनों को हार्दिक शुभकामनाएं।

### आरएसएस नेता के खिलाफ प्राथमिकी वोट बैंक की राजनीति का हिस्सा

**हुबली (एजेंसी)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता कल्लदका प्रभाकर भट के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को लेकर कर्नाटक सरकार पर कड़ा प्रहार किया और इसे वोट बैंक की राजनीति के बड़े अभियान का हिस्सा बताया है। श्री जोशी ने सोमवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि यह अब केवल नफरत फैलाने वाले भाषणों का मामला नहीं है। यह राजनीति से प्रेरित साजिश है।

# तेजी से बढ़ रहे कोरोना के केस देश में 3961 सक्रिय मामले

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, सोमवार सुबह भारत में कोरोना वायरस के सक्रिय मामलों की संख्या 3,961 थी। इसमें दिल्ली में 47 नए मामलों की एक दिन में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई।**



देश भर में 203 नए मामले दर्ज किए गए। दिल्ली में कोविड-19 से जुड़ी एक और मौत की सूचना मिली, जिससे कुल मौतों की संख्या चार हो गई, जबकि राष्ट्रीय राजधानी में संक्रमण के कुल मामलों की संख्या बढ़कर 483 हो गई। देश में 1 जनवरी से अब तक कई राज्यों में 32 मौतें हुई हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, रविवार से सक्रिय मामलों की संख्या में 203 नए मामले जुड़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने आश्वासन दिया कि केंद्र किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी ( शेष पेज 2 पर )

# पचमढ़ी में कैबिनेट बैठक आज, राजा भभूत सिंह के शौर्य को समर्पित होगी केबिनेट

भोपाल (काप्र)।

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 3 जून मंगलवार को पचमढ़ी के राजभवन में मंत्रि-परिषद की बैठक होगी। विरासत से विकास और जनजातीय नायकों को सम्मान देने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. यादव और राज्य शासन कृत संकल्पित है।**

इस अवसर पर वे राज्य कैबिनेट की विशेष बैठक के साथ-साथ पर्यटन और अन्य विभागों से जुड़े कुल 33.88 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। कैबिनेट बैठक विशेष रूप से जनजातीय समाज और शौर्य पराक्रम के प्रतीक रहे राजा भभूत सिंह की स्मृति को समर्पित होगी, जिनकी ऐतिहासिक भूमिका को मंत्रि-परिषद की बैठक के दौरान पुनः स्मरण किया जाएगा। पचमढ़ी गोंड शासक राजा भभूत सिंह के ऐतिहासिक योगदान को समेटे हुए है। उन्होंने इस पहाड़ी भूभाग का उपयोग शासन संचालन, सुरक्षा और सांस्कृतिक धरोहरों की रक्षा के लिए किया।पचमढ़ी भगवान भोलेनाथ की नगरी के रूप में भी प्रसिद्ध है। पचमढ़ी की धूपगढ़ चोटी समुद्र तल से लगभग 1,350 मीटर (4,429 फीट) की ऊँचाई पर स्थित है। यह स्थल सतपुड़ा पर्वतमाला का प्रमुख आकर्षण है। धूपगढ़ से दिखाई देने वाला सूर्योदय और सूर्यास्त न केवल पर्यटकों को मंत्रमुग्ध करता ( शेष पेज 2 पर )

# कांग्रेस के नवसृजन अभियान का आगाज आज भोपाल में करेंगे राहुल गांधी



**भोपाल (काप्र)।** मप्र में कांग्रेस के संगठन को तैयार करने के लिए नवसृजन अभियान का आगाज मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा भोपाल में किया जाएगा।

इसके साथ ही मध्यप्रदेश के लिए नियुक्त किए गए सभी पर्यवेक्षक भी भोपाल पहुंच रहे हैं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरुण यादव ने पत्रकारों को बताया कि भाजपा की तरह संगठन को खड़ा करने के लिए कांग्रेस अब कोशिश कर रही है। कांग्रेस के द्वारा नवसृजन अभियान के तहत गुजरात और केरल के बाद मध्यप्रदेश का चुनाव किया गया है। मप्र के लिए कांग्रेस द्वारा 50 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन पर्यवेक्षकों के माध्यम से अब जिला और शहर अध्यक्ष चुने जाएंगे। कांग्रेस की ओर से यह दावा किया गया है कि अब किसी व्यक्ति को केवल किसी बड़े नेता का समर्थक होने के आधार पर अध्यक्ष पद पर नियुक्त नहीं किया ( शेष पेज 2 पर )

# आतंकवाद से जुड़े मामले में ठाणे में एटीएस की छापेमारी, 12 लोगों को हिरासत में लिया

**मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने आतंकवाद से संबंधित एक मामले में सोमवार को ठाणे जिले में छापेमारी के बाद 12 व्यक्तियों को हिरासत में लिया।**

अधिकारियों ने बताया कि छापेमारी सिमी के कुछ पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के घरों पर भी की गई। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। एक अधिकारी ने मामले का ब्यौरा दिए बिना बताया कि एटीएस की मुंबई इकाई ने ठाणे ग्रामीण पुलिस की सहायता से मुंबई से सटे जिले के पडघा और बोरीवली गांव में सुबह करीब चार बजे छापेमारी शुरू की। उन्होंने बताया कि दोनों गांवों में बड़ी संख्या में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई थी। उन्होंने बताया कि एटीएस के अधिकारियों ने प्रतिबंधित सिमी के पूर्व पदाधिकारियों और सदस्यों के लगभग दो दर्जन घरों और परिसरों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि इनमें साकिब नाचन, आकिब साकिब नाचन, अब्दुल लतीफ कासकर, कैफ नाचन और शाजिल नाचन के घर एवं परिसर शामिल हैं। जमीन डीलर और सिमी का पूर्व सदस्य फराक जुबैर मुल्ला (60) भी उन व्यक्तियों में शामिल है जिनके घरों पर छापेमारी की गई।



# गिद्ध से टकराया इंडिगो का विमान, रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर आपात लैंडिंग

**रांची (एजेंसी)।** रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सोमवार को इंडिगो के एक विमान की गिद्ध से टक्कर के बाद आपात लैंडिंग करानी पड़ी। पटना से कोलकाता वाया रांची की यह फ्लाइट जिस वक्त पक्षी से टकराई, उस वक्त वह करीब तीन से चार हजार फीट की ऊंचाई पर थी। टक्कर के बाद विमान करीब 40 मिनट तक हवा में रहा। पायलट ने सतर्कता दिखाते हुए प्लेन की रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर सुरक्षित तरीके से लैंडिंग कराई। इंडिगो के इस एयरबस-320 पर क्रू मेंबर्स सहित 175 यात्री सवार थे। पक्षी से टक्कर के बाद यात्री दहशत में थे।

विमान के क्रू मेंबर ने उन्हें भरोसा दिलाया कि पायलट आपातकालीन रूप से सुरक्षित लैंडिंग की भरपूर कोशिश कर रहे हैं। दोपहर करीब 2 बजे विमान की सुरक्षित लैंडिंग के बाद यात्रियों ने राहत की सांस ली। एयरपोर्ट के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पायलट ने कौशल का परिचय देते हुए विमान की आपात लैंडिंग कराई। किसी भी यात्री को कोई नुकसान नहीं हुआ है। टक्कर से विमान को कितनी क्षति हुई है, इंजीनियर इसका आकलन करने में जुटे हैं। सुरक्षा जांच और मंजूरी मिलने के बाद ही विमान को दोबारा उड़ान भरने की अनुमति दी जाएगी।

# विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाना भाजपा की राजनीति की पहचान हैः खड़गे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने



असम और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन को लेकर सोमवार को चिंता जताई और आरोप लगाया कि विकास के बुनियादी मुद्दों से भावनात्मक और ध्रुवीकरण वाले विषयों की ओर ध्यान भटकाना भाजपा की राजनीति की पहचान है। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और राज्य की 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा 15 से अधिक जिलों में लगभग चार लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। खड़गे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, पूर्वोत्तर विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश से जूझ रहा है। असम, अरुणाचल ( शेष पेज 2 पर )

**स्पेशल खबर** *असम की निर्वासन नीति को चुनौती देने वाली .....*

# याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली (एजेंसी)।

**उच्चतम न्यायालय ने निर्वासित करने की असम सरकार की हालिया नीति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने से इनकार करते हुए याचिकाकर्ता से सोमवार को कहा कि वह इस मामले में उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकते हैं।**



न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता ऑल बीटीसी माइनॉरिटी स्टूडेंट्स यूनियन से कहा कि वह राहत के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय जा सकते हैं। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े के विशेष उल्लेख करने पर सवाल करते हुए कहा कि क्षमा करें। हम इसे सुनने के इच्छुक नहीं हैं। आप (याचिकाकर्ता) गुवाहाटी उच्च न्यायालय क्यों नहीं जा रहे हैं। श्री हेगड़े ने अदालत के समक्ष कहा कि याचिका शीर्ष अदालत द्वारा पहले पारित आदेश के आधार पर दायर की गई थी। अदालत पर हालांकि इन दलीलों पर असर नहीं हुआ और उसने मामले पर विचार करने से इनकार कर दिया। याचिका में इस नीति के बारे में आरोप लगाया गया है कि इसमें कथित तौर पर राष्ट्रीयता सत्यापन या कानूनी उपायों के बावजूद संदिग्ध विदेशी व्यक्तियों को हिरासत में लेने और निर्वासित करने के लिए व्यापक और मनमाना अभियान शामिल है।

सुनवाई करते हुए पीठ ने वकील से कहा कि कृपया गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाएं। न्यायालय ने उनकी इस गुहार को स्वीकार कर लिया। याचिका में यह घोषित करने की मांग की गई थी कि असम द्वारा अपनाई गई निर्वासन नीति संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है और बाध्यकारी न्यायिक मिसालों के विपरीत है।